

## जीत की राह पर लौटने के लिए फिर नंबर-3 पर उतरेंगे कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। पहले वनडे में बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरने का फैसला गलत साबित होने के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अपने नियमित क्रम तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने मुंबई में पहला मैच 10 विकेट से जीतकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। डेविड वॉर्नर और आरोन फिंच ने उस मैच में शतक जमाए थे। फॉर्म में चल रहे तीनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा, शिखर धवन और केएल राहुल को टीम में जगह देने के लिए कोहली बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरे लेकिन नाकाम रहे। सलामी बल्लेबाज धवन ने बाद में कहा कि टीम प्रबंधन के कहने पर वह किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हैं और कोहली को तीसरे नंबर पर ही उतरना चाहिए। ऋषभ पंत के बाहर होने से दूसरे मैच में राहुल ही विकेटकीपिंग करेंगे। पिछले मैच की तरह रोहित और धवन पारी का आगाज कर सकते हैं। धवन ने 91 गेंद में 74 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर के लिए राहुल और श्रेयस अय्यर में से एक का चयन होगा चूंकि अय्यर पिछले मैच में नहीं चल सके।

# बीसीसीआई की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से धोनी बाहर

**क्रिकेट**

## किसी भी कैटिगरी में जगह नहीं मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले 6 महीने से मैदान से दूर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया है। क्रिकेट बोर्ड द्वारा गुरुवार को घोषित कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से धोनी को बाहर रखा गया है। बता दें कि वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के सेमीफाइनल में हार के बाद से धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। वह टेस्ट मैच से पहले ही संन्यास ले चुके हैं।

बीसीसीआई के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि धोनी के लिए राष्ट्रीय टीम में खेलने का रास्ता अब मुश्किल हो गया है। धोनी को क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी सूची के किसी भी कैटिगरी में जगह नहीं दी गई है।

सूची में नाम नहीं होने के बाद माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने धोनी को इशारा कर दिया है। बोर्ड ने अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 के लिए कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी किया है। कैप्टन विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह को ग्रेड ए+ में रखा गया है।

रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, अंजिक्य रहाणे, शिखर धवन, पेसर इशांत शर्मा, कुलदीप यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को ग्रेड ए में रखा गया है।

बोर्ड ने ऋद्धिमान साहा, उमेश यादव, युजवेंद्र चहल, हार्दिक पांड्या, मयंक अग्रवाल को ग्रेड बी में रखा है। केदार जाधव, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, मनीष पांडे, हनुमा विहारी, शार्दुल ठाकुर, श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर को ग्रेड सी में रखा गया है।



भारत को अपनी कप्तानी में 2011 वर्ल्ड कप दिला चुके धोनी ने करियर में 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 इंटरनैशनल मैच अब तक खेले हैं। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और इस फॉर्मेट में उन्होंने कुल 4876 रन बनाए। वहीं वनडे में उनके नाम 10773 और टी20 इंटरनैशनल में 1617 रन दर्ज हैं।

धोनी ने 23 दिसंबर 2004 को बांग्लादेश के खिलाफ इंटरनैशनल डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आखिरी वनडे न्यू जीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के तौर पर खेला जिसमें 50 रन बनाए। हालांकि इस मैच में मिली हार के कारण भारत की वर्ल्ड कप जीतने की उम्मीदें टूट गई थीं। तब से धोनी कोई मैच नहीं खेले हैं।

## आज राजकोट में ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मुकाबला, बौखलाया भारत करेगा पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राजकोट। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच को इसमें कोई शक नहीं है कि पहले वनडे में बुरी तरह हारी भारतीय टीम शुक्रवार को दूसरे मैच में वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को दस विकेट से हराया जिसमें डेविड वार्नर और फिंच दोनों ने शतक जमाये। फिंच ने हालांकि कहा कि भारत को हलके में लेना भूल होगी जिसके पास अनेक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं।

उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,पहले मैच में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा। फील्डिंग थोड़ी लचर थी लेकिन हम टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने कहा ,इसमें कोई शक नहीं कि भारत वापसी करेगा। भारतीय टीम शानदार है जिसके पास विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं।

**टीम इंडिया के पास कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी जिन्हें हम हलके में नहीं ले सकते हैं: फिंच**

पहले मैच में वार्नर के प्रदर्शन के बारे में फिंच ने कहा, वार्नर बेहतरीन फॉर्म में है। उनके जमने के बाद उन्हें गेंदबाजी करना कठिन है। वह मैदान के चारों ओर खेलते हैं, लिहाजा उन्हें रन बनाने से रोक पाना कठिन है। बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन के लिए गेंदबाजों की तारीफ करते हुए फिंच ने संकेत दिया कि दूसरे वनडे में पैट कमिंस या मिशेल स्टार्क की जगह जोश हेजलवुड को उतारा जा सकता है।

**वानखेड़े में टीम इंडिया की शर्मनाक हार:** मुंबई के वानखेड़े में पहला वनडे खेला गया था। पहले खेलते हुए टीम इंडिया 49.1 ओवर में 255 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एरॉन फिंच और डेविड वॉर्नर बल्लेबाजी करने उतरे और दोनों ने शतक जमाया।




ऑस्ट्रेलिया ने 37.4 ओवरों में ही 258 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। वॉर्नर ने 128 और फिंच ने 110 रनों की नाबाद पारियां खेली थी।

## आस्ट्रेलियाई ओपन ड्रा में नडाल और सेरेना के लिये आसान शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल अगले हफ्ते आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में बोलिविया के हुगो डेलेन से भिड़ेंगे जबकि सेरेना विलियम्स शुरुआती मुकाबले में अनास्तासिया पोटापोवा के सामने होंगी और 24वां ग्रैंडस्लैम खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। स्पेन का यह स्टार अपने सबसे कम पसंदीदा कोर्ट पर रोजर फेडरर के रिकार्ड 20 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब की बराबरी करने का प्रयास करेगा। नडाल ने मेलबर्न में 2009 में महज एक ट्रॉफी जीती है।

गुरूवार को जारी ड्रा के अनुसार चौथे दौर में उनका सामना आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस से हो सकता है। गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच रिकार्ड आठवां आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेंगे और शुरुआत जान–लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ खेलेंगे। इस सर्बियाई खिलाड़ी के लिये 2019 शानदार रहा जिसमें उन्होंने मेलबर्न पार्क और विम्बलडन सहित पांच खिताब अपने नाम किये और साल का अंत दूसरे नंबर पर किया। जोकोविच अंतिम आठ में यूनान के युवा खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### चौथे नंबर पर नहीं मिला मौका, टीम प्रयोग से गुजर रही है: श्रेयस अय्यर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अपने पसंदीदा चौथे नंबर के स्थान पर खेलने का मौका नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को कहा कि भारतीय टीम में मौजूदा प्रतिस्पर्धा को देखते हुए एक खिलाड़ी को किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अय्यर ने 2019 विश्व कप के बाद भारत की सीमित ओवरों की टीम में वापसी की है और उन्होंने चौथे नंबर पर अच्छा खेल दिखाया है। मंगलवार को उन्हें चौथे के बजाय पांचवें नंबर पर कर दिया गया, क्योंकि कप्तान विराट कोहली खुद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ताकि विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल और शिखर धवन को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सके।

### भुवनेश्वर की लंदन में स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी रही सफल, अब एनसीए में रिहैब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चोट से जूझ रहे भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की लंदन में स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी हुई है और वह स्वदेश लौटने के बाद नैशनल क्रिकेट अकैडमी में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। बीसीसीआई ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बोर्ड ने उनकी रिकवरी के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई लेकिन यह जानकारी मिली है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान वह मैदान पर लौटेंगे। आईपीएल का आगाज 29 मार्च से होगा। भुवनेश्वर इस प्रतिष्ठित टी20 लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हैं। बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, श्तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 9 जनवरी को लंदन गए और 11 जनवरी को उनकी स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी हुई जो सफल रही। टीम इंडिया के फिजियोथेरेपिस्ट योगेश परमार ने उनकी मदद की।

### प्रजनेश फाइनल दौर में, नागल आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर के पहले दौर में हारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के शीर्ष रैंकिंग के एकल खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा में जगह बनाने से केवल एक कदम दूर हैं, उन्होंने गुरूवार को क्वालीफायर के फाइनल दौर में जगह बनायी जबकि हमवतन सुमित नागल का सफर यहां खत्म हो गया। विश्व रैंकिंग में 122वीं रैंकिंग पर काबिज प्रजनेश ने एक घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के यानिक हंफमैन को 1–6 6–2 6–1 से शिकस्त दी। क्वालीफायर में प्रजनेश को 17वीं वरीयता मिली थी। वह अंतिम दौर में लातिविया के अर्नस्ट गुलबिस से भिड़ेंगे जिन्होंने अर्जेंटीना के फेडरिको कोरिया को हराया। इस भारतीय ने शुरूआती दौर में स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी हैरी बूरचियेर को 6–2 6–4 से मात दी। इससे पहले नागल पुरूष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में सीधे सेट में हारकर बाहर हो गए। क्वालीफायर में 21वीं वरीयता प्राप्त नागल को मिस्र के मुहम्मद सफवात ने 7 . 6, 6 . 2 से हराया। रामकुमार रामनाथन और महिला वर्ग में अंकिता रैना मंगलवार को ही हारकर बाहर हो गए थे।

### सानिया का शानदार प्रदर्शन, डबल्स के सेमी फाइनल में एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय स्टार महिला टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए होबार्ट इंटरनैशनल टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ सानिया ने क्वॉर्टर फाइनल में मैकहाले और वानिया किंग की अमेरिकी जोड़ी को 6–2, 4–6, 10–4 से हराया। मां बनने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहीं सानिया ने नादिया के साथ जोड़ी बनाई है। उन्होंने पहला सेट आसानी से 6–2 से जीता लेकिन फिर अमेरिकी महिला जोड़ी ने 6–4 से अगला सेट जीत लिया। सानिया–नादिया ने फिर वापसी की और जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सानिया इस टूर्नामेंट से करीब 2 साल बाद कोर्ट पर लौटीं। वह मां बनने के बाद दो साल टेनिस से दूर रही थीं। उन्होंने अक्टूबर 2017 में आखिरी टूर्नामेंट खेला था।